Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding rail connectivity to Statue of Unity in Gujarat.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरदार पटेल साहब की कर्मभूमि बारदौली गुजरात का प्रतिनिधित्व करता हूं । अखंड भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल साहब कि विश्व में सबसे ऊंची प्रतिमा, सरदार साहब के व्यक्तित्व के ऊंचाई के अनुरूप 182 मीटर की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की स्वप्न दृष्टि से गुजरात के नर्मदा जिले में निर्मित हुई है । यहां देश-विदेश से पर्यटकों का आवागमन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है । पर्यटकों की बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए यातायात की सुविधा उपलब्ध कराना, हम सभी की जिम्मेदारी है । गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों को भी सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत जरूरी है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रहपूर्वक मांग करता हूं कि ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ते हुए देश का पहला रेलवे का विश्वविद्यालय, बड़ोदरा से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सरदार सरोवर को जोड़ते हुए मांडवी होकर, पर्यटक स्थल सापुतारा और जहां कुंभ मेला लगता है, ऐसे पवित्र स्थान गोदावरी तक, नासिक से सबका मालिक एक साईं बाबा, शिरडी तक नई रेलवे लाइन बिछाने की मैं मांग करता हूं, जिससे आदिवासी बहुल क्षेत्रों का ज्यादा विकास हो पाएगा ।

माननीय अध्यक्ष : श्री उदय प्रताप सिंह, डॉ. किरिट पी. सोलंकी और श्री देवजी एम. पटेल को श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।